प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

22.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कल सरकार के एक सौ दिवसीय सघन तपेदिक उन्मूलन अभियान पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों और स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठक की। श्री नड्डा ने अभियान की प्रगति की निगरानी के लिए मुख्यमंत्रियों से सहयोग का अनुरोध किया। उन्होंने अभियान को कारगर बनाने के लिए विधायकों के सहायोग का भी आहवान किया।

..............................

वस्तु एवं सेवा कर की 55वीं बैठक कल राजस्थान के जैसलमेर में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित की गई। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश के प्रतिनिधिमण्डल ने बैठक में भाग लिया। राजेश धर्माणी ने कहा कि हिमाचल को 'क्योटो प्रोटोकॉल' की तर्ज पर मुआवजा जारी किया जाना चाहिए जिसके अंतर्गत कम कार्बन उत्सर्जन वाले देश को अधिक उत्सर्जन करने वाले देशों के मुकाबले मुआवजा दिया जाता है। उन्होंने प्रदेश के कम जनसंख्या घनत्व को ध्यान में रखने का आग्रह किया। बैठक में जीएसटी मुआवजे के मामले को उठाते हुए राजेश धर्माणी ने हिमाचल जैसे राज्य को जीएसटी लागू होने के कारण हुए राजस्व घाटे की भरपाई के लिए समुचित व्यवस्था करने का आग्रह किया। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने इस बात पर बल दिया कि कानून की स्थिति को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय जीएसटी विभाग को नोटिसों को रद्द करना चाहिए और इस मामले में और अधिक स्पष्टता लाने का आग्रह किया। राजेश धर्माणी ने स्वास्थ्य और टर्म इन्श्योरेंस पॉलिसी विशेषकर महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए जीएसटी में छूट की वकालत की। केंद्रीय वित्त मंत्री ने प्रदेश की मांगों पर विचार करने और उचित समाधान सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है।

..............................

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कल देहरादून में वन–रिपोर्ट 2023 का विमोचन किया। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का कुल वन और पौध–क्षेत्र 8 लाख 27 हज़ार वर्ग किलोमीटर से अधिक इलाक़े में फैला है जो देश के कुल क्षेत्रफल के 25 प्रतिशत से अधिक है। वर्ष 2021 के मुकाबले, 2023 में वन–क्षेत्र में लगभग डेढ हज़ार वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है। वन सर्वेक्षण रिपोर्ट हर दो साल पर जारी की जाती है।

..............................

कुल्लू के मालरोड पर विंटर कार्निवाल की तर्ज पर 25 से 31 दिसम्बर तक कुल्लू महोत्सव का आयोजन किया जा जाएगा। नगर परिषद कुल्लू के कार्यकारी अधिकारी अनुभव शर्मा ने बताया कि इसमें हिमाचली कलाकार, स्कूली छात्र–छात्राएं अपनी प्रस्तुतियां देंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से जिले में पर्यटकों की आवाजाही बढेगी और यहां के लोगों के कारोबार में भी वृद्धि होगी।

..............................

सुशासन सप्ताह के अंतर्गत मंडी जिले की ग्राम पंचायत सेरी में आज एक शिविर का आयोजन किया जाएगा। एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने बताया कि सुशासन सप्ताह के अंतर्गत आम जनता की समस्याओं को सुनकर मौके पर ही निपटारा करने का प्रयास किया जायेगा वहीं राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं के बारे में संबंधित विभागों के अधिकारियों के माध्यम से जानकारी दी जाएगी । उन्होंने लोगों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

..............................

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों चंबा, कुल्लू, सोलन, शिमला व जनजातीय क्षेत्र किन्नौर में आज हल्की धूप के बीच बादल छाए हुए हैं। प्रदेश में शीतलहर के कारण निचले इलाकों में धुंध और कोहरा छाया हुआ है। राज्य में शुष्क मौसम के चलते किसानों व बागवानों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। कुछ क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान शून्य के आसपास पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों में ऊंची चोटियों पर बर्फबारी की संभावना और शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

घने कोहरे के कारण पिछले तीन दिनों से कुल्लू के भुंतर हवाई अड्डे से उड़ानें संचालित नहीं हो पा रही हैं।

..............................